दिनांक 01.12.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम प्रशासन ने 3 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई , महापौर परिषद के सदस्य भी रहे मौजूद

भिलाई नगर । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम भिलाई, के 3 कर्मचारियों को मंगलवार को ससम्मान विदाई दी गई। महापौर परिषद की सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग की प्रभारी श्रीमती सुभद्रा सिंह एवं निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह , शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते हुए अपने सेवा के दौरान अनुभव को साझा किया। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद अब आप सभी पूरे परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने। महापौर परिषद के सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग की प्रभारी सुभद्रा सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले दयालदास साहू, मंगला जोशी एवं गैंदलाल वर्मा के बारे में कहा कि इन कर्मचारियों ने निगम हित में पूरी निष्ठा एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों को जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हुए कार्य किए है, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है, उन्होंने सभी कर्मचारियों स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना किए। इससे पूर्व महापौर परिषद के सदस्यों ने महापौर कक्ष में गैंदलाल वर्मा के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी, महापौर श्री देवेन्द्र यादव की अनुपस्थिति में नीरज पाॅल ने श्री यादव द्वारा दिए उपहार को गैंदलाल वर्मा को भेंट किया, उल्लेखनीय है कि श्री वर्मा ने काफी वर्षों तक महापौर कक्ष में अपनी सेवा दिया है।

जनसम्पर्क अधिकारी